गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, भारत
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE: +91 11 26182955
फैक्स/FAX: +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail: info@gail.co.in

एनडी/गेल/सेक्ट/2022 31.03.2022

| | |
|---|---|
| 1. लिस्टिंग अनुपालन<br>नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड<br>एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल,<br>प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक,<br>बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व)<br>मुंबई-400051<br>**चिह्न : - गेल (ईक्यू)** | 2. लिस्टिंग अनुपालन<br>बीएसई लिमिटेड<br>मंजिल 1, फिरोज़ जीजीभॉय टॉवर्स,<br>दलाल स्ट्रीट,<br>मुंबई-400001<br><br>**स्क्रिप कोड : - 532155** |

प्रिय महोदय / महोदया,

कृपया **"गेल, एनएसई के पिछले दिन के अंतिम मूल्य पर बायबैक मूल्य के 24% प्रीमियम पर लगभग 5.70 करोड़ शेयरों को 190 रुपये प्रति शेयर की दर से बायबैक करेगी"** संबंधी प्रेस विज्ञप्ति की प्रतिलिपि संलग्न है।

धन्यवाद,
भवदीय,

(ए.के.झा)
कंपनी सचिव

**अनुलग्नक : उपर्युक्तानुसार**
**प्रति:**

ड्यूश बैंक ए जी, फिलिआले मुंबई
टीएसएस एंड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
द कैपिटल, 14वीं मंज़िल
सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स
मुम्बई-400051

ध्यानाकर्षण : सुश्री अपर्णा सालुंके

सीआईएन/CIN
L40200DL1984GOI018976
www.gailonline.com

**गेल (इंडिया) लिमिटेड**

**प्रेस विज्ञप्ति**

## गेल लगभग 5.70 करोड़ शेयरों को 190 रुपये प्रति शेयर की दर से बायबैक करेगी पिछले दिन के अंतिम मूल्य पर बायबैक मूल्य के 24% प्रीमियम पर

**नई दिल्ली, 31 मार्च 2022:** गेल (इंडिया) लिमिटेड ने आज लगभग 5.70 करोड़ शेयरों को रुपये 190 प्रति शेयर की दर से कुल लगभग 1,083 करोड़ रुपये (करों को छोड़कर) के बायबैक को मंजूरी दी। इक्विटी शेयर का बायबैक मूल्य एनएसई में पिछले दिन के अंतिम मूल्य के 24% प्रीमियम पर है।

कंपनी के निदेशक मंडल ने आज यहां अपनी बैठक में कंपनी के पूर्ण प्रदत्त इक्विटी शेयरों के बायबैक पर विचार करने का निर्णय लिया। बोर्ड ने निविदा प्रस्ताव के माध्यम से लगभग 5.70 करोड़ शेयरों के बायबैक को मंजूरी दी, जो 31 मार्च, 2021 तक इसकी प्रदत्त पूंजी और मुफ्त भंडार का 2.50% प्रतिनिधित्व करता है।

गेल अपने शेयरधारकों को नियमित लाभांश, बोनस शेयर जारी करने और प्रीमियम पर शेयर बायबैक के माध्यम से लगातार प्रतिफल दे रहा है। चालू वित्त वर्ष के दौरान कंपनी ने 3,996 करोड़ रुपये (अंकित मूल्य के 90% की दर से) के अब तक के सबसे अधिक अंतरिम लाभांश का भुगतान किया है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2008-09, 2016-17, 2017-18 और 2019-20 में बोनस शेयर जारी किए थे। इसके अलावा कंपनी ने मार्च 2021 में लगभग 1,046 करोड़ रुपये की कुल संपत्ति के 2.5% की दर से अपने इक्विटी शेयरों का बायबैक भी पूरा कर लिया है, जो रुपये 150 प्रति शेयर की दर से लगभग 6.97 करोड़ शेयर हैं।

गेल ने 1984 में एक सिंगल क्रॉस-कंट्री ट्रंक पाइपलाइन के साथ प्राकृतिक गैस ट्रांसमिशन कंपनी के रूप में अपना व्यापार शुरू किया, जो अब भारत की अग्रणी प्राकृतिक गैस कंपनी बन गई है। यह गैस ट्रांसमिशन और मार्केटिंग, एलपीजी ट्रांसमिशन, गैस प्रोसेसिंग, पेट्रोकेमिकल्स, एलएनजी आयात, एक्सप्लोरेशन एंड प्रोडक्शन और सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन सहित संपूर्ण प्राकृतिक गैस मूल्य श्रृंखला के साथ अपनी उपस्थिति रखने वाली सबसे बड़ी एकीकृत प्राकृतिक गैस मार्केटिंग और ट्रांसमिशन कंपनी है। गेल लगभग 13,840 किलोमीटर पाइपलाइन का स्वामित्व और उसका प्रचालन करती है, जो 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में क्रॉस-कंट्री प्राकृतिक गैस पाइपलाइन नेटवर्क की कुल लंबाई का 74% है। गेल भारत में अग्रणी गैस मार्केटिंग कंपनी है जो भारत में लगभग 52% प्राकृतिक गैस और 44% एलएनजी की बिक्री करती है।

कंपनी भारत में उर्वरक क्षेत्र में खपत गैस की 67%, बिजली में 53% और सीजीडी में 60% गैस की आपूर्ति करती है। 14 एमटीपीए से अधिक के एलएनजी पोर्टफोलियो और आपूर्ति स्रोतों तथा

मूल्य सूचकांकों में विविधता के साथ गेल ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने और 'गैस आधारित' अर्थव्यवस्था के राष्ट्रीय लक्ष्य की दिशा में सक्रिय रूप से योगदान करने के लिए तत्पर है। कंपनी ने हरित हाइड्रोजन, नवीकरणीय ऊर्जा और जैव-ईंधन परियोजनाओं जैसी वैकल्पिक ऊर्जाओं का व्यापार भी प्रारम्भ किया है जो राष्ट्र के लिए महत्वपूर्ण हैं और संभवतः भविष्य के लिए एक वैकल्पिक ईंधन प्रदान करेंगे।